भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 43
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2024
31 आषाढ़, 1946 (शक)

युवाओं की क्षमता का दोहन

43. श्री श्रीरंग चंद्रू बारणे:
श्री धर्मेन्द्र यादवः
श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि अनुमानतः 254 मिलियन भारतीय जनसंख्या 15-24 वर्ष की आयु के बीच की है;

(ख) यदि हां, तो क्या राष्ट्र निर्माण और आर्थिक विकास के लिए युवाओं की क्षमता का दोहन करने की आवश्यकता है;

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा युवाओं को नेतृत्व कौशल और स्वयंसेवा की भावना में प्रशिक्षित करने के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यान्वित की गई योजनाओं के अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(च) सरकार द्वारा इस संबंध में किए गए / किए जा रहे सुधारात्मक उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) जी हां । स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गठित जनसंख्या अनुमान संबंधी तकनीकी समूह ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि 2021 और 2026 के पंचवर्षीय वर्षों में 15-24 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की जनसंख्या क्रमशः लगभग 252 मिलियन और 241 मिलियन होगी।

(ख) और (ग): जी, हां। युवाओं की क्षमता का दोहन करने तथा उनकी रचनात्मक ऊर्जा का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अंतर्गत युवा कार्यक्रम विभाग, व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करता है अर्थात युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करना तथा उन्हें अपने क्षेत्रीय संगठनों और विभिन्न स्कीमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की विभिन्न गतिविधियों में शामिल करना। उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र को विकसित करने में लगी हुई है। एनएसएस का उद्देश्य 'सेवा के माध्यम से शिक्षा' है।

इसी प्रकार से नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं के सशक्तिकरण और नागरिक सहभागिता के लिए कार्य करता है।

इसके अलावा, हाल ही में, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 31.10.2023 को एक व्यापक सक्षम तंत्र- मेरा युवा भारत (माई भारत) का शुभारंभ किया गया, जो युवा कार्यक्रम विभाग के तहत

एक स्वायत्त निकाय है। माई भारत अमृत काल के दौरान 'कर्तव्य बोध' और 'सेवा भाव' के माध्यम से युवाओं के विकास और युवाओं के नेतृत्व में विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है।

माई भारत के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है (https://www.mybharat.gov.in/), जिस पर देशभर के युवा पंजीकरण कर सकते हैं और पोर्टल पर उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न स्वयंसेवा अवसरों में साइनअप करके भाग ले सकते हैं। इस मंच के माध्यम से युवाओं के लिए नेतृत्व विकास की भी परिकल्पना की गई है, जिसमें अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से उनके नेतृत्व कौशल में सुधार करके उन्हें अलग-थलग व्यक्तिगत संपर्क के स्थान पर कार्यक्रम कौशल प्रदान किया जाएगा, उन्हें सामाजिक नवोन्मेषक, सामुदायिक नेता बनाया जाएगा और सरकार का ध्यान युवा नेतृत्व जनित विकास पर केन्द्रित किया जाएगा तथा युवाओं को विकास का "सक्रिय चालक" बनाया जाएगा, न कि केवल "निष्क्रिय प्राप्तकर्ता"। परिकल्पित पारितंत्र का उद्देश्य युवा को समुदाय परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनने के लिए सशक्त बनाना है।

(घ) सरकार की स्कीमें सार्थक परिणाम दे रही हैं। उदाहरण के लिए, विभाग के माई भारत पोर्टल के शुभारंभ के बाद से उसपर 1.51 करोड़ से अधिक पंजीकरण किए गए हैं।

(ङ) और (च) : उपरोक्त बिंदु (घ) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

****